उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : माननीय सदस्य कृपया हस्तक्षेप न करें। मिश्र जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री जनेश्वर मिश्र : महोदय, दो सुझाव मैं देना चाहता हूं। कल इनकी पार्टी के माथुर साहब बोल रहे थे तो उनसे मैंने कहा था कि क्यों नहीं महासंघ की बात उठाते हैं। जरूरी हो गया है कि सरहद पर यह तनाव खत्म हो क्योंकि वहां हमारे पिछड़े इलाके हैं, आदिवासी इलाके हैं। मैं भाजपा के मित्रों से कहूंगा कि किसी जमाने में इन्होंने "अखंड भारत" का नारा दिया था। हमने अपने साथियों से कहा था कि आप भी "महासंघ" का नारा दे रहे हो। भाजपा में और हममें यह फर्क है कि हम हिंदुस्तान में जो अकलियत के लोग हैं, उनको गले लगाकर जो दूसरे देशों में अकसरियत के लोग हैं, उनको संदेश देना चाहते हैं कि हम एक होना चाहते हैं यार-मोहब्बत के साथ। और यहां जो अकलियत के लोग हैं उनको घृणा देकर के, नफरत देकर के अखंड भारत की बात करना चाहते हैं। ... (व्यवधान)

5.00 P.M.

श्री नारायण प्रसाद गुप्ता : पंडित जी, आप अखंडता की बात करते हैं। ... (व्यवधान) आप तो अपनी पार्टी रोज तोड़ते हैं। .... (व्यवधान)

श्री जनेश्वर मिश्र : वहां 40 आदमी मरे हैं। हम मांग करते हैं कि वहां के मुख्य मंत्री इस्तीफा दें। भारत सरकार को दबाव डालना चाहिए ताकि सारे हिन्दुस्तान का आदमी समझ सके कि इंसानियत की जिंदगी खतरे में एक शरणार्थी शिविर में पड़ी हुई होने के कारण वहां सर्वोच्च सत्ता में बैठे हुए व्यक्ति ने इस्तीफा दिया, तो लोगों को इतमिनान मिलेगा। इसके अलावा यह सीमाएं सील करने से समस्याएं हल नहीं होंगी। भारत, पाकिस्तान और बगला देश की सीमाओं को खोलने से ही इस समस्याओं का हल हो सकता है। नफरत और शक के आधार पर किसी कौम की हिफाजत लम्बे अरसे तक नहीं की जा सकती।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : माननीय सदस्यों को मैं सूचित करना चाहूंगा कि श्री बलराम जाखड़ जी फ्लड सिचुएशन के बारे में एक स्टेटमेंट दे रहे हैं। वह उसको ले करेंगे। उसके बारे में प्रश्न पूछने की अनुमति कल यहां दी जाएगी। यह कंसेंसस है हाउस का।

---

## STATEMENT BY MINISTER

### *Flood situation in the country*

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BALRAM JAKHAR): Sir, with your permission, I lay a statement regarding the flood situation in the country, on the Table of the House.

Sir, I seek leave of the House to make a statement on the current flood situation in the country and the relief and rehabilitation measures taken by the Government.

South West monsoon, 1994 arrived in Kerala on 28th May, 1994, three days in advance and covered the entire country by 30th June, 1994 about 15 days in advance to the normal time of coverage. During the period from June 1 to July 20, the cumulative rainfall has been excess in 18 of tht 35 meterological sub-divisions into which the country is divided. Out of 415 districts, 174 districts received excess rainfall wrile 112 received normal rainfall. The rainfall has remained deficient in the North-Eastern States West Bengal, Sikkim, Bihar Plains, Hills of West Uttar Pradesh and Marathwada. Substantially heavy rainfall ranging upto 114 per cent has been received in Orissa, Bihar Plateau, Harvana, Himachal Pradesh, Rajasthan, Madhya Pradesh, Gujarat, Maharashtra, Karnataka and Jammu and Kashmir.

An unusual feature of the rainfall this year has been that the traditionally low rainfall areas have received good rains like in Saurashtra Kutch, West Rajasthan and North Interior Karnataka. On the other hand, the

traditionally high rainfall areas of north-east have been deficient in rainfall. In the last few days monsoon has been active over Haryana, Gujarat, Rajasthan, Telengana, Sub-Himalayan West Bengal and Sikkim. Rainfall has also occurred in the North Eastern States and at many places in Himachal Pradesh, West Uttar Pradesh, East Rajasthan, Maharashtra, West Bengal and Bihar.

The monsoon this year started with floods in Assam in early June. It continued with floods in the States of Gujarat, Karnataka, Kerala, Rajasthan and parts of Uttar Pradesh by mid-June. Continuous rains in most parts of the country in July aggravated the situation in Gujarat, Karnataka and Kerala and also brought flood havocs in the States of Andhra Pradesh, Himachal Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra, Orissa and Punjab.

The floods have caused 539 deaths in the country. My heart goes out to the members of bereaved families. The damage to public and private property is being assessed by the State Governments. The cropped area affected as per provisional assessments is 4.56 lakh hectares. The State Governments have reported that 45 lakh people have been adversely affected by the floods and that over 1.5 lakh houses have been damaged and 21,000 cattle-heads have been lost.

The concerned State Governments have undertaken immediate rescue and relief operations in the affected areas and the relief activities are continuing. In several States, marooned people have been rescued with the help helicopters and boats Relief camps have been opened and food packets distributed. State Governments have also arranged supply of essential commodities and health care facilities have been provided to prevent outbreak of epidemics. We are in constant touch with the State machinery. Whenever requests were received from State Governments, we have arranged to replinish their stock of essential commodities, medicines and other materials required by them to meet the crisis situation.

Before the onsent of monsoon and it order to initiate preparedness measures to meet eventualities or excessive or inadequate rainfall, Government of India, on 8th June, convened a conference of all State Relief Commissioners and representatives of Central Ministries. During this meeting, a detailed review of the arrangements for disaster preparedness both at the level of State Governments and the Central Ministries was made. The Conference had alerted State Governments about taking advance action in response to weather forecast and to ensure the availability of essential commodities like foodgrains, kerosene oil, petroleum products, medicines, etc. and required inputs of agriculture production.

Soon after the receipt of flood situation reports from some of the States the Crisis Management Group (CMG) met on 5th July, 1994, under

[Shri Balram Jakhar]

the chairmanship of the Central Relief Commissioner to review the flood situation in the States. The Group has been meeting regularly thereafter. These meetings are attended by representatives of the affected State Governments and the problems and back-up support required for each State is reviewed and necessary follow-up action is ensured by the concerned Central Ministry. As a result of these discussions, special release of foodgrain stocks have been made to Assam and Rajasthan and special release of kerosene oil has been made to Government of Orissa.

Army, Air Force and Navy have also extended assistance by way of arranging helicoptors and boats for evacauation of the people and air dropping of food packets and essential supplies. The Border Roads Organisation has extended assistance in clearing of road bloykades in border areas.

The Prime Minister personally reviewed the situation in a meeting on 18th July, and on his directions Central Ministers were deputed to assess the flood situation in the States of Karnataka, Orissa, Himachal Pradesh and Madhya Pradesh. I have personally visited the States of Maharashtra and Gujarat and my colleague Shri Arvind Netam visited Gujarat in June, 1994 and reviewed the situation.

On the recommendations of the IX Finance Commission, a specific amount known as Calamity Relief Fund (CRF) is allocated to each of the States. The CRF is contributed by the Centre and the States in the ratio of 3:1. The Central share to this fund is released in four equal quarterly instalments regularly on 1st April, 1st July, 1st October and 1st January every year irrespective of any natural calamity having occurred. This enables the State Governments to always have funds with them to be able to organise relief and rehabilitation measures at the time of a calamity. Further under the scheme full powers have been delegated to the State Governments to decide the type and scale of assistance which is determined by a Committee headed by the Chief Secretary of the State. During the current year the first two instalments of CRF have already been released to all the States.?

In the context of the present flood situation, Central Government released the second and third instalments of CRF to the Government of Gujarat in advance in June; 1994. The third instalments of CRF has also been released in advance to Karnataka in July; 1994. We have recommended release of third instalments of CRF to Kerala, Madhya Pradesh and Himachal Pradesh and the fourth instalment to Gujarat.

A Control Room is working in the Ministry of Agriculture which is monitoring the situation in each of the States on a continuus basis. I am receiving reports and personally reviewing the situation and issuing instructions to fill up the critical gaps in the relief operations from time to time.

I wish to assure the Hon'ble Members of the House that we will spare no effort in supporting the State Governments to meet the situation effectively

## SHORT DURATION DISCUSSION

**Serious situation in Assam in view of recent ethnic clashes and massacre of refugees in Barpeta district—Contd.**

**श्री के० एम० खान** (आन्ध्र प्रदेश) : डिप्टी चेयरमैन साहब ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री जतीश अग्रवाल)** : जरा समय का ध्यान रखिए, इतना निवेदन है । मैं किसी को कटैल नहीं करना चाहता । वैसे मिश्र जी का तीन मिनट का समय था, मैंने 17 मिनट दिया । किसी को डिबेट में कटैल करना अच्छा नहीं समझता हूं । आप समय का ध्यान रखिए, केवल इतना निवेदन किया है मैंने । यह मेडन स्पीच है आपकी ।

**श्री के. एम. खान** : यह कोई उन दो देशों के और दो धर्मों के बीच में आतंकवाद का मसला नहीं है । मैं इस सदन में यह दरख्वास्त करूंगा कि इस सारे मामले पर एक इंसानी सले की हैसियत से गौर किया जाए । बरपेटा में निहत्थे इंसानों पर, औरतों और बच्चों पर जिस बहिमाना तरीके से हमला हुआ, उनका कत्लेआम हुआ यह हमारी सेक्युलर डैमोक्रेसी पर एक काला धब्बा है । . . . (**व्यवधान**)

**श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश)** : ओगी जी का भी नाम लिख लेना । . . . . (**व्यवधान**)

**श्री के० एम० खान** : वजूहात जो कुछ भी रही हों, लेकिन किसी ऐसे इंसान पर जिसका कोई जुल्म न हो, जिसका कोई कसूर न हो उन पर इस तरह अगर गोलियां चलाई जाएं, इस तरह अगर उनको हलाक किया जाए तो यह एक ऐसा वाकया है जिसकी जितनी भी मज़म्मत की जाए, कम है । चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि अखबारी इत्तला के मुताबिक 19 और 20 जुलाई के दरम्यान इस इलाके में बोडो सिक्योरिटी फोस के लोगों ने हमला करके वहां 250 गांव जलाकर राख कर दिए और 16 व्यक्तियों को इस हमले में हलाक किया । इनका कसूर क्या था ? इनकी गलती क्या थी ? अगर इनकी गलती यह थी कि यह नान-बोडो थे, या इनका किसी खास तबके से या फिरके से ताल्लुक था, तो मैं समझता हूं इससे शर्मनाक बात और कोई नहीं हो सकती । इनका किसी खास तबके से ताल्लुक था और मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती । तो इन वाकयात के सिलसिले में यह बात भी सामने आई है कि जब ये वाकयात हुए और इनको रिलीफ कैम्प में भेजा गया तो फिर इस रिलीफ कैम्प को, बरपेटा में जो रिलीफ कैम्प है, यह एक अलग इलाके में है और जो भूटान के बार्डर के करीब है और जो चारों तरफ जंगल से घिरा हुआ है । ऐसे इलाके में रिलीफ कैम्प को रखने से यह बात भी सामने आई कि इस रिलीफ कैम्प की सिक्योरिटी के लिए जितनी फोर्स की जरूरत थी, उतनी फोर्स वहां नहीं थी जिसके कारण एक ऐसे वक्त में जब कि सारे इलाके में कर्फ्यू लगा हुआ था, इन दहशतगर्दों ने इनके कैम्प पर हमला किया और सोते हुए इंसानों का कत्लेआम किया । मुझे यकीन है कि हमारा यह हाउस ऐसे वाकयात की भरपूर मज़म्मत करेगा । इसमें किसी पोलिटिकल रिज़र्वेशन से काम नहीं लिया जाएगा । क्योंकि यह एक ऐसा वाकया है जिसको हम एक कौमी सानया कह सकते हैं । इसके बाद मैं आपसे यह ख्वाहिश करूंगा कि हम अपनी लड़ाई उस रहनियत के खिलाफ, उस आइडियालाजी के खिलाफ शुरू करें जो नफरत की आइडियालाजी है, जो इंसानों को एक-दूसरे से तकसीम करने की आईडियालाजी है । जरूरत इस बात की है कि हम इस आइडियालाजी के खिलाफ लड़ें । अगर लड़ाई बोडोज़ और नान-बोडोज़ में है तो इसका हल तलाश किया जा सकता है । जैसा कि मुझसे पहले कहा गया ऐसा कोई मसला नहीं है जिसका हल नहीं है लेकिन बुनियादी बात यह है कि नफरत का जो प्रचार किया जा रहा है, नफरत की जो आग इस मुल्क में लगाई जा रही है धर्म के नाम पर, मज़हब के नाम पर, भाषा के नाम पर, इलाके के नाम पर यह जो नफरत का